भारत सरकार /**Government of India**
उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान / **Northern Region Farm Machinery Training and Testing Institute**
ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)/**Tractor Nagar, Sirsa Road, Hisar (Haryana)- 125 001**
**Website: http://nrfmtti.gov.in E-mail: fmti-nr@nic.in Tel./Fax: 01662276984 GSTIN:06AAAGN0273PIZ3**
**[ ISO- 9001: 2015 CERTIFIED ]**

संख्या/ No.1-22/2019-Estt. दिनांक/Dated: 29th October, 2020

# रिक्ति परिपत्र

1. भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के अधीनस्थ फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थानों में **"बहुकार्य कर्मचारीवृन्द (तकनीकी)"** के पदों को भरने हेतु, पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान | भर्ती करने की प्रणाली |
|---|---|---|---|
| बहुकार्य कर्मचारीवृन्द (तकनीकी) (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय ) | 06 (छः)<br>(अनुसूचित जाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-2, अनारक्षित- 2, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-1) | वेतन मैट्रिक्स के अनुसार, लेवल-1<br>(रु. 18000 – 56900) | सीधी भर्ती द्वारा |

2. आवेदन-पत्र का प्रारूप, योग्यता, नियम एवं शर्तें, तथा अन्य अपेक्षाओं का पूर्ण विवरण अधोलिखित वेबसाइट्स पर उपलब्ध है:-

i. www.nrfmtti.gov.in
ii. www.fmttibudni.gov.in
iii. www.srfmtti.dacnet.nic.in
iv. www.nerfmtti.nic.in
v. www.agricoop.nic.in

3. सभी वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में सम्यक रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र, निदेशक, भारत सरकार, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा) – 125 001 को रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर पहुँच जाने चाहिए |

4. सरकारी कर्मचारी उचित माध्यम से आवेदन उक्त पते पर भेजें |

5. आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तिथि, उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तिथि होगी |

**निदेशक**

## "बहुकार्य कर्मचारीवृन्द (तकनीकी)" पद के लिए आवेदन करने के लिए अपेक्षाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आयु | : | 18 से 27 वर्ष के बीच \| अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों और सरकारी कर्मचारियों को केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जायेगी (सरकारी कर्मचारियों के लिए आयु सीमा 40 वर्ष तक होगी, अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 वर्ष की छूट होगी )<br>आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तिथि होगी \| |
| 2. | शैक्षिक योग्यता | : | (i) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) से ट्रैक्टर मैकेनिक या फार्म मैकेनिक या डीजल मैकेनिक में प्रमाण पत्र; और<br>(ii) ट्रैक्टरों के लिए वैद्य चालन अनुज्ञप्ति रखते हों \| |
| 3. | परिवीक्षा की अवधि | : | 2 वर्ष |
| 4. | कार्यस्थल | : | हिसार (हरियाणा) / बुदनी (मध्य प्रदेश) / अनंतपुर (आन्ध्र प्रदेश) / बिस्वनाथ चारियाली (असम) या भविष्य में स्थापित होने वाले किसी अन्य संस्थान में \| |

<u>सेवा के सामान्य नियम एवं शर्तें</u> :

1. ये पद अस्थाई हैं लेकिन नियमित होने तक अनिश्चित काल तक जारी रहने की सम्भावना है | ये पद "निर्धारित अंशदान पेंशन योजना" के अंतर्गत आते हैं |
2. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर केन्द्रीय सिविल सेवा नियमों के तहत जारी नियम एवं शर्तें प्रभावी होंगी |
3. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित पारूप में आवेदन पत्र; आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति के प्रमाण-पत्र जो की संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गए हों , की स्व-सत्यापित प्रतियों; एवं स्व-हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज़ फोटो आदि के साथ, सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं |
4. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन, निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर,सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा) – 125 001 के पास ,इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन के अंदर पहुँच जाना चाहिये | आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर **"बहुकार्य कर्मचारीवृन्द (तकनीकी) पद के लिए आवेदन"** लिखा जाना चाहिए |
5. केंद्र सरकार / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत निकाय में काम करने वाले अभ्यर्थियों को अपने नियोक्ता के माध्यम से नियत समय सीमा में आवेदन करना चाहिए, तथा इस आशय का नियोक्ता द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी लगाया जाना चाहिये कि उसके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला न ही लंबित है और न ही विचाराधीन है| अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा |
6. भर्ती प्रक्रिया के बारे में अलग से कोई पत्राचार / पूछताछ पर विचार नहीं किया जायेगा | भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के पक्ष में किसी भी रूप से समर्थन प्राप्त करने की चेष्टा को आवेदक की अयोग्यता माना जायेगा |
7. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** : सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ विहित प्रपत्र में सम्यक रूपेण भरा गया आवेदन -पत्र , इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर , निदेशक , उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)- **125 001** तक पहुंच जानी चाहिए | निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन एवं ई मेल, फैक्स या इसी तरह के किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा |

**निदेशक**

## “बहुकार्य कर्मचारीवृन्द (तकनीकी)” पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व-हस्ताक्षरित पास पोर्ट फोटो के लिए स्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (स्पष्ट शब्दों में) | : | |
| 2. | पिता का नाम (स्पष्ट शब्दों में) | : | |
| 3. | जन्म तिथि (दसवीं कक्षा के अनुसार) | : | |
| 4. | राष्ट्रीयता | : | |
| 5. | धर्म | : | |
| 6. | जाति (संबंधित दस्तावेजों के साथ) | : | |
| 7. | पिन कोड सहित घर का स्थाई पत्ता<br>टेलीफोन/मोबाइल नं<br>ई.मेल | : | |
| 8. | पिन कोड सहित पत्राचार के लिए पत्ता<br>टेलीफोन/मोबाइल नं<br>ई.मेल | : | |
| 9. | शैक्षिक योग्यता | : | |
| 10. | अनुभव आदि का विवरण | : | |

स्थान :

दिनांक : उम्मीदवार के हस्ताक्षर

उम्मीदवार का नाम ________________________